**विरोध** | विरोध करने वालों पर एफआईआर और कार्यवाही की मांग

# छतवई में छात्रावास निर्माण का कर रहे विरोध





**नवभारत, शहडोल ।** जिले के छतवई क्षेत्र में आदिवासी बालक-बालिका छात्रावास के निर्माण कार्य में भू-माफियाओं द्वारा बाधा डाले जाने का गंभीर और चिंताजनक मामला सामने आया है। आरोप है कि सरकारी जमीन पर बन रहे इस महत्वपूर्ण छात्रावास को रोकने के लिए कुछ रसूखदार अतिक्रमणकारी न केवल निर्माण कार्य में व्यवधान डाल रहे हैं, बल्कि मजदूरों को जातिसूचक गालियां देकर धमकाने तक से नहीं चूक रहे। मामले को लेकर स्थानीय प्रशासन और पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत सौंपते हुए कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की मांग की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार संदीपनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, छतवई परिसर में दूर-दराज के गांवों से आने वाले आदिवासी छात्र-छात्राओं की शिक्षा और आवास की सुविधा के लिए मध्यप्रदेश शासन की आराजी खसरा नंबर 2019 पर छात्रावास का निर्माण कराया जा रहा है। यह परियोजना आदिवासी विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ी एक महत्वपूर्ण योजना है। शिकायत में बताया गया है कि 25 जनवरी 2026 की सुबह करीब 10 से 11 बजे के बीच कुछ चिन्हित लोगों ने निर्माण स्थल पर पहुंचकर मजदूरों को डराया-धमकाया। आरोप है कि इन लोगों ने अभद्र भाषा के साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए कहा कि वे किसी भी हाल में यहां छात्रावास नहीं बनने देंगे। डर के माहौल के चलते मजदूरों को काम बंद कर वहां से लौटना पड़ा। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि उक्त लोग सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे की नीयत से भागवत कथा, रामायण पाठ और रामलीला जैसे आयोजनों का सहारा ले रहे हैं। इतना ही नहीं, पास की अन्य शासकीय भूमि (खसरा नंबर 1980/1 एवं 1979) पर भी अवैध फेंसिंग कर अतिक्रमण किए जाने की बात सामने आई है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि आरोपी पक्ष आर्थिक रूप से संपन्न और प्रभावशाली है, जो असामाजिक तत्वों के माध्यम से शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहा है। इससे न केवल सरकारी निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है, बल्कि भविष्य में किसी गंभीर अप्रिय घटना की आशंका भी बनी हुई है। ग्रामीणों और संबंधित विभागों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए और निर्माण स्थल पर पुलिस सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए, ताकि आदिवासी छात्र-छात्राओं के हित में बन रहा छात्रावास बिना किसी बाधा के समय पर पूरा हो सके। यह मामला न केवल कानून-व्यवस्था का है, बल्कि आदिवासी समाज के शिक्षा और अधिकारों से भी सीधे जुड़ा हुआ है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस गंभीर प्रकरण में कितनी तत्परता और सख्ती दिखाता है।



## अतिथि शिक्षकों का सरकार के खिलाफ फूटा आक्रोश

▶ **18 वर्षों की सेवा के बाद भी असुरक्षित है भविष्य**

**नवभारत, शहडोल ।** मध्य प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में पिछले 17-18 वर्षों से सेवाएं दे रहे अतिथि शिक्षकों का आक्रोश अब खुलकर सामने आ गया है। वर्षों से शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ बने अतिथि शिक्षक आज भी अस्थायी सेवा, अल्प मानदेय और अनिश्चित भविष्य के साए में काम करने को मजबूर हैं। इसी अन्याय के खिलाफ रविवार को बुढार के कॉलेज तिराहा पर 'आजाद अतिथि शिक्षक संघ' के बैनर तले बड़ी संख्या में अतिथि शिक्षकों ने एकजुट होकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा और सरकार से शीघ्र ठोस निर्णय लेने की मांग की। अतिथि शिक्षकों ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से विद्यार्थियों के भविष्य को संवारते आ रहे हैं, लेकिन बदले में उन्हें न तो सेवा की स्थिरता मिल रही है और न ही सम्मानजनक जीवनयापन की सुरक्षा। शिक्षकों ने मांग रखी कि छत्तीसगढ़ और हरियाणा की तर्ज पर मध्य प्रदेश में भी अनुभव के आधार पर अतिथि शिक्षकों का स्थायीकरण किया जाए, सेवाकाल को 12 माह किया जाए तथा 62 वर्ष की आयु तक रोजगार की गारंटी सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही 'गुरुजी प्रथा' की तर्ज पर विभागीय परीक्षा आयोजित कर नियमित पदों पर समायोजन की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई।

इस आंदोलन में संघ के ब्लॉक अध्यक्ष संदीप पाण्डेय, जिला कोषाध्यक्ष राजेश नारायण त्रिपाठी, जिला सह सचिव आरिफ अली तथा जिला सचिव अमरीश कुशवाहा की सक्रिय भूमिका रही। सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि अतिथि शिक्षक वर्षों से बेहद कम मानदेय पर शिक्षा विभाग का दायित्व निभा रहे हैं, लेकिन शासन की उदासीन नीति के कारण उनका भविष्य लगातार असुरक्षित बना हुआ है। अतिथि शिक्षकों का कहना है कि यह संघर्ष केवल नौकरी का नहीं, बल्कि सम्मान, सुरक्षा और न्याय की लड़ाई है। बुढार से उठी यह आवाज अब पूरे प्रदेश में गूंजने लगी है और सरकार के लिए इसे नजरअंदाज करना अब आसान नहीं होगा।



## दिव्य मुस्कान महिला क्लब की सराहनीय पहल

▶ **आंगनबाड़ी में बच्चों संग बांटी खुशियाँ**

**नवभारत, शहडोल।** रचनात्मक सामाजिक गतिविधियों में निरंतर सक्रिय दिव्य मुस्कान महिला क्लब द्वारा नगर की एक आंगनबाड़ी में नन्हे-मुन्ने बच्चों के साथ आत्मीय समय बिताया गया। इस दौरान क्लब सदस्यों ने बच्चों से ज्ञानवर्धक संवाद किया और उन्हें पठन-पाठन सामग्री के साथ-साथ मौसमी गर्म वस्त्र भी वितरित किए। बच्चों के चेहरों पर मुस्कान देखते ही बन रही थी।क्लब की अध्यक्ष निभा गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि हाल ही में सम्पन्न क्लब की मासिक बैठक में एक निर्धन परिवार की कन्या के विवाह हेतु नकद सहायता के साथ-साथ गृहस्थी में उपयोगी सामग्री एवं वस्त्र भेंट किए गए। इस अवसर पर कन्या के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएँ भी प्रकट की गईं। सहायता पाकर परिवारजनों ने क्लब की सभी सदस्यों को स्नेहिल आशीर्वाद देते हुए आभार व्यक्त किया।इस सामाजिक सेवा कार्यक्रम में क्लब की संरक्षिका श्रीमती मंजू गुप्ता, उपाध्यक्ष नीति सिंघल, छाया गुप्ता सहित क्लब की समस्त सदस्य बहनें उपस्थित रहीं। बैठक की मेजबानी रुचि गुप्ता, पूजा गुप्ता, शोभरत्नम एवं संतोष खंडेलिया द्वारा की गई। दिव्य मुस्कान महिला क्लब द्वारा किए जा रहे ऐसे सेवा कार्य समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनते जा रहे हैं।

## छात्र समस्याओं पर एनएसयूआई का उग्र तेवर, कुलपति को सौंपा ज्ञापन

**नवभारत, शहडोल।** एनएसयूआई शहडोल द्वारा जिला अध्यक्ष सौरभ तिवारी के मार्गदर्शन एवं जिला उपाध्यक्ष आशीष द्विवेदी के नेतृत्व में आज पं. शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति को ज्ञापन सौंपकर विश्वविद्यालय प्रशासन की गंभीर लापरवाही को उजागर किया गया। ज्ञापन के माध्यम से छात्रहित से जुड़ी लंबित समस्याओं पर तत्काल कार्रवाई की मांग की गई। एनएसयूआई ने प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्रों के रिवाल्यूएशन परिणाम शीघ्र घोषित करने की मांग उठाई। संगठन ने बताया कि मुख्य परिणाम जारी हुए लगभग तीन माह बीत चुके हैं, बावजूद इसके रिवाल्यूएशन का परिणाम अब तक घोषित नहीं किया गया, जिससे छात्रों का भविष्य अधर में लटका हुआ है।

### तीन वर्ष पूर्व उत्तीर्ण छात्रों को अभी तक नहीं मिली मार्कशीट





ज्ञापन में लगभग तीन वर्ष पूर्व उत्तीर्ण छात्रों को अब तक मार्कशीट एवं परिणाम की हार्ड कॉपी उपलब्ध न कराए जाने पर गहरी नाराजगी जताई गई और इसे विश्वविद्यालय प्रशासन की घोर लापरवाही करार दिया गया।इसके साथ ही ओल्ड कैंपस में स्वच्छ पेयजल हेतु नए वाटर कूलर लगाए जाने, वॉशरूम एवं गर्ल्स कॉमन रूम की नियमित सफाई और उचित रख-रखाव की मांग रखी गई। छात्रों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए ओल्ड एवं न्यू कैंपस दोनों में प्राथमिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। एनएसयूआई ने विश्वविद्यालय में लगे जर्जर ब्लैक बोर्ड हटाकर नए बोर्ड लगाए जाने, ओल्ड कैंपस की बदहाल स्थिति सुधारने हेतु साफ-सफाई व पुताई कराने तथा विश्वविद्यालय पुस्तकालय में नई शिक्षा नीति (एनईपी) से संबंधित आवश्यक पुस्तकों की तत्काल व्यवस्था करने की मांग भी उठाई। संगठन ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि उक्त मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई, तो एनएसयूआई छात्रहित में आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी।

इस अवसर पर एनएसयूआई जिला अध्यक्ष सौरभ तिवारी, जिला उपाध्यक्ष आशीष द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष सिमरन कौर, विश्वविद्यालय अध्यक्ष दीपांशु गुप्ता, एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र यादव सहित ओम साहू, शुभम सेन, कृतेन्द्र, देवराज, अजय बैगा, पियूष सिंह बघेल, अर्पित सेन, हर्षित श्रीवास्तव, धनंजय सिंह, लंकी गुप्ता एवं बड़ी संख्या में एनएसयूआई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सिंहपुर थाने में निर्दोष को फंसाने की साजिश और थर्ड डिग्री का मामला

▶ **कुशवाहा महासभा ने कलेक्टर और एसपी को सौंपा ज्ञापन**




**नवभारत, शहडोल।** जिले के सिंहपुर थाने की कार्यप्रणाली पर गंभीर और शर्मनाक सवाल खड़े हो गए हैं। आम जनता की सुरक्षा के लिए तैनात खाकी पर अब निर्दोष युवक को झूठे केस में फंसाने, गांजा प्लांट करने और थाने के भीतर बेरहमी से मारपीट करने जैसे बेहद संगीन आरोप लगे हैं। इस मामले ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है और पुलिस की निष्पक्षता पर बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा कर दिया है। प्राप्त जानकारी और कुशवाहा महासभा द्वारा दिए गए ज्ञापन के अनुसार, यह पूरा मामला 5 फरवरी 2026 का है। ग्राम पड़मनिया, करौंधिया टोला निवासी मुकेश कुशवाहा के साथ गांव के ही दबंगों द्वारा पहले जमकर मारपीट की गई। आरोप है कि जब पीड़ित ने विरोध किया और न्याय की उम्मीद की, तो दबंगों ने पुलिस की मदद से पूरे मामले को उलटने की साजिश रच डाली।

अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा का गंभीर आरोप है कि सिंहपुर थाने से मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों मनोज बामनिया और रामजी डोरबे की मौजूदगी में दबंग ने अपने पास से गांजे की पोटली निकालकर मुकेश कुशवाहा के पास फेंकी और उस पर जबरन उसे उठाने का दबाव बनाया गया, ताकि उसे झूठे मादक पदार्थ के मामले में फंसाया जा सके। चौंकाने वाली बात यह रही कि इस पूरी घटना के बावजूद पुलिस ने असली आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं की।इसके उलट, पुलिस पीड़ित मुकेश कुशवाहा को ही थाने ले गई, जहां उसके साथ कथित रूप से थर्ड डिग्री का इस्तेमाल किया गया। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि सिंहपुर थाने में पदस्थ पुलिसकर्मी दीपक सिंह परिहार ने दोपहर के समय मुकेश के साथ बेरहमी से मारपीट की। पीड़ित पक्ष का कहना है कि पुलिस दबंगों को खुला संरक्षण दे रही है और निर्दोष लोगों को डराकर झूठे मामलों में फंसाने का प्रयास कर रही है। इस पूरे मामले को लेकर कुशवाहा महासभा खुलकर सामने आ गई है। संगठन के जिला अध्यक्ष राकेश कुशवाहा के नेतृत्व में कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें स्पष्ट रूप से दबंगों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। साथ ही पुलिसकर्मियों रामजी डोरबे, मनोज बामनिया और मारपीट के आरोपी दीपक सिंह परिहार को तत्काल निलंबित करने की मांग उठाई गई है। महासभा ने यह भी मांग की है कि सिंहपुर थाने के सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक किए जाएं, ताकि थाने के अंदर हुई मारपीट और पूरे घटनाक्रम की सच्चाई सामने आ सके। संगठन ने प्रशासन को साफशब्दों में चेतावनी दी है कि यदि इस मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो कुशवाहा महासभा बड़े स्तर पर आंदोलन करने को मजबूर होगी, जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह प्रशासन की होगी।अब यह देखना बेहद अहम होगा कि जिला प्रशासन और पुलिस विभाग इन नामजद आरोपों पर क्या कार्रवाई करता है, या फिर दबंगों और खाकी का गठजोड़ एक बार फिर न्याय पर भारी पड़ जाएगा।

## बर्थडे मना लौट रहे युवकों का फिल्मी स्टाइल में अपहरण

**अपहरणकर्ताओं ने चाकू अड़ाई बंधक बना बेरहमी से पीटा**

**20 हजार ऑनलाइन डलवाये सोने की अंगूठी लूटी**



**नवभारत, जबलपुर।** लेबर चौक स्थित होटल में देर रात्रि दोस्त का बर्थडे मनाकर लौट रहे युवकों को बदमाशों ने घेर लिया और चाकू अड़ाकर उनका डरा धमका कर फिल्मी स्टाइल में उनका अपहरण कर लिया इसके बाद बंधक बनाकर बेरहमी से पीटा और 20 हजार रूपए ऑनलाइन डलवाने के साथ सोने की अंगूठी लूट ली। इसके बाद युवकों को छोड़कर फरार हो गए। इसके बाद पीड़ित थाने पहुंचे और पुलिस को पूरे मामले से अवगत कराया। रविवार को पुलिस ने रिपोर्ट पर एफआईआर दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक रविवार शाम लक्ष्य झा 20 वर्ष निवासी बाई का बगीचा घमापुर ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह महाकौशल कालेज में पढाई कर रहा है। शनिवार को लेबर चौक स्थित नागेन्द्र होटल से दोस्त के जन्मदिन की पार्टी मनाकर अपने साथी अभिनव श्रीवास्तव के साथ अपनी क्रेटा कार एमपी 04 सीआर 1566 से दीनदयाल से अपने घर तरफवापस आ रहा था रात लगभग 2-30 बजे निस्तार करने के लिये कार को रोड से चण्डालभाटा रोड पर लगभग 50 मीटर अंदर गये वह गाडी के अंदर बैठा रहा। अभिनव जैसे ही नीचे उतरा तभी अज्ञात 4 लडके मोटर सायकिल व एक्सिस में आये व उसे एवं अभिवन को घेरकर कार की चाबी छुडा लिये, सभी ने हम लोगों के साथ हाथ मुक्को से मारपीट की।

### कार में बंधक बना ढाई घंटे घुमाया, बेल्ट से किए वार

लक्ष्य ने बताया कि अभिनव के गले में चाकू अडाकर उससे 20 हजार रूपये की मांग करने लगे, उसके पास पैसे नहीं होने से चारों अपनी स्कूटी एंव मोटर सायकिल को वहीं छोडकर उसे कार में बंधक बनाकर लगभग ढाई घंटे तक घुमाते रहे तथा उसे व उसके दोस्त के साथ हाथ मुक्को व बैल्ट से मारपीट करते रहे। जबरदस्ती डरा धमकाकर उससे ऑन लाईन सुपर मनी एप के माध्यम से 20 हजार रूपये डलवा लिये। उसके हाथ में पहनी हुई सोने की अंगूठी छीन लिये।

### 18 से 20 वर्ष के है आरोपी

चारों आरोपियों की की उम्र 18 से 20 वर्ष होगी। मामले को पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने गंभीरता से लिया है। साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एएसपी सिटी आयुष गुप्ता एवं नगर पुलिस अधीक्षक गोहलपुर मधुर पटेरिया के मार्गनिर्देशन में थाना प्रभारी गोहलपुर रीतेश पाण्डेय के नेतृत्व में टीम गठित कर दी गई है।

## बैंक कर्मी ने किया 13 .50 लाख का गबन

**नवभारत, जबलपुर।** लार्डगंज थाना अंतर्गत रानीताल स्थित केनरा बैंक शाखा में कार्यरत कर्मचारी ने विश्वासघात करते हुए एटीएम में कैश लोडिंग के दौरान साढ़े तेरह लाख रूपए का गबन कर दिया। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस के मुताबिक अर्पणा वाहने, शाखा प्रबंधक, केनरा बैंक, रानीताल शाखा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बैंक में 3 नियमित कर्मचारी कार्यरत है। मनीष करिहार नाम का व्यक्ति




कुली के रूप में बैंक में अपनी सेवाएँ पिछले लगभग 10 वर्षों से दे रहा था। मनीष करिहार के पिता सुभाष करिहार भी इसी बैंक चैनल में कार्यरत थे जो वर्तमान में सेवानिवृत्त हो चुके हैं। इसी कारण मनीष करिहार को कार्य पर रखा गया था, मनीष, कुली के साथ साथ बैंक में सहायक एवं सेवक के तौर पर भी कार्यरत था जो बैंक का दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी था। बैंक में ही लगे एटीएम के अंदर बैंक के नियमित कर्मचारी के साथ कैश लाना ले जाना करता था इसी दौरान नियमित कर्मचारी के साथ साथ मनीष करिहार की भी कैश सुरक्षा की जिम्मेदारी रहती थी। मनीष द्वारा अपने कर्तव्य के दौरान बैंक की बैंक की 13,50,000 की राशि का गबन किया गया है।

### ऐसे चला गड़बड़झाले का पता

30 जनवरी 2026 को एटीएम में तकनीकी खराबी आ जाने के कारण टेक्निशियन को बुलाकर एटीएम सुधरवाया गया। टेक्निशियन द्वारा एटीएम बदलने के कहा गया। अर्पणा द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। एप्रुवल आने के बाद 5 फरवरी को जब एटीएम का कैश निकालकर कैश काउंटर पर टैली किया गया तो लगभग 13,50,000 रूपये कम निकले।

## हिट एंड रन : लग्जरी कार ने बाइक चालक को कुचला, मौत

**नवभारत, जबलपुर।** ओमती थाना अंतर्गत नौदरा ब्रिज के पास रविवार रात्रि हिट एंड रन में बाइक चालक की जान चली गई। बेलगाम लग्जरी कार चालक ने मोटर सायकिल सवार को कुचल दिया। हादसे में बाइक सवार की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं कार चालक बाइक चालक को मौत की नींद सुलाने के बाद मौके से फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक रविवार रात्रि करीब नौ बजे नौदरा ब्रिज ज्योति टॉकीज तिराहे पर एक





सफेद फॉर्च्यूनर कार क्रमांक एमपी 20 सीएल 0057 के चालक ने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मोटर सायकिल चालक को रौंद दिया। टक्कर के बाद बाइक चालक काफी दूर तक उछल गया और हादसे में उसे सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आ गई हादसे से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। कार चालक मौके से फरार हो गया । हादसे के बाद सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस से घायल को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। एएसपी आयुष गुप्ता का कहना है कि कार की टक्कर से बाइक चालक की मौत हुई है। मृतक की शिनाख्तगी के प्रयास जारी है।